# क्षतिग्रस्त नल कनेक्शन बने मुसीबत

**खास बातें**

- पानी की बर्बादी पर नहीं रोक
- लापरवाही बन रही लोगों को परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 1 नवम्बर, नगर के अनेक वार्ड तथा मुख्य मार्गों पर जलप्रदाय पाइप से जो नल कनेक्शन लिए गए है.अनेक मकान मालिक अपने क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को दुरुस्त नहीं कराते नल कनेक्शन टोंटी भी नहीं लगवाते इससे पानी की बर्बादी होती है सड़कों पर पानी बहता रहता है. कुछ लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए वह बिकाऊ है.वहां नल कनेक्शन होने के कारण दोनों टाइम पानी बर्बाद होता है.मकान मालिक का ताला मकान में लगा रहता है वह है जलकर देता है इस कारण नगर पालिका भी ध्यान नहीं देती पानी की बर्बादी होती है.**

नगर में बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन भी कराए गए हैं नगर पालिका में कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं जो अवैध कनेक्शन कराने में बड़ी भूमिका निभाते हैं उनसे लोग कहते हैं.नगर पालिका से कनेक्शन कराएंगे तो अधिक राशि देना पड़ेगी जुगाड़ में करा दो कनेक्शन करने वाले घूमते रहते हैं अवैध कनेक्शन करने के लिए दिन में गड्डे करते हैं खुलेआम और रात्रि में कनेक्शन करके गड्ढे को पूर देते हैं.पिछली परिषदों में यह होता रहा है सभी जानते हैं कौन लोग यह करवाते थे यह कोई नया सिलसिला नहीं है पहले से ही यह सब होता चल रहा है.इससे नगरपालिका परिषद को आर्थिक क्षति हो रही है.पार्षदों को भी जानकारी है.परंतु कौन किससे बुराई ले इसलिए वह शिकायत नहीं करते नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें कोई झेलने तैयार नहीं होता.उन्हें गंजबासौदा नगर पालिका परिषद में भेज दिया जाता है किसी को मिर्गी आती हैं किसी का मुंह नहीं खुलता कभी फोन नहीं उठाते.पार्षद परेशान रहते हैं.कुछ कर्मचारी गायब रहते हैं कभी कार्यालय में दिखाई नहीं देते. कुछ अधिकारी बाहर से अप डाउन करते हैं.कुछ ऐसी भी जो सप्ताह में तीन दिन के लिए बासौदा आते हैं.नगर पालिका परिषद निर्माण कार्यों में खुलेआम पक्षपात कर रही है. नगर के सभी 24 वार्डों में कहां कितना कार्य हुआ इसका उल्लेख किया जाए पक्षपात साफ दिखाई देगा सारी स्थिति सामने आ जाएगी बात पारदर्शी होने की कही जाती है. लेकिन ऐसा होता तो दिखाई देता कहां है. पारदर्शिता पक्षपात साफ दिखाई देता है करनी और कथनी में अंतर होता है हाथी के दांत दिखाने के और तथा खाने के और होते हैं.यही वजह है की परिषद की बैठक ही नहीं होती जिसमें पार्षद नगर की समस्याओं अपने वार्डों की समस्या से अवगत करा सकें.

### अधिकारी नहीं जाते फील्ड में

गंजबासौदा नगर पालिका परिषद में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी कभी दफ्तर से बाहर नहीं निकलते. बस्ती के हालात देखने कहां क्या समस्या है. किस वार्ड में क्या काम होना है. अनेक बस्तियों में जलप्रदाय पाइपलाइन नहीं है.कुछ स्थानों पर पाइपलाइन होने के बाद भी लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है. अनेक लोगों का कहना है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन गंदी नालियों से जुड़ी हुई है इस कारण गंदा पानी पीने के लिए हम लोग मजबूर हैं कोई सुनने वाला नहीं है.

### आबादी के हिसाब से कम हैं कनेक्शन

गंजबासौदा में 24 वार्ड हैं. लगभग 100000 लाख से अधिक आबादी है.नल कनेक्शन उस हिसाब से बहुत कम है.जल विभाग पर खर्च और आय देखी जाए तो बहुत अंतर है.आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया, जैसी स्थिति बनी हुई है.जबकि नगर पालिका ने नियमों को ताक पर रखकर पंचायत क्षेत्रों में नल कनेक्शन नियम विरुद्ध दिए हैं.परिषद को कोई जानकारी नहीं है और पंचायत क्षेत्र में जल प्रदाय पाइपलाइन डाल दी गई और कनेक्शन भी दे दिए गए.हालांकि यह सब पिछली परिषदों के कार्यकाल में कार्य हुए हैं.वर्तमान परिषद चाहे तो सुधार कर सकती है. परंतु कोई किसी से बुराई नहीं ले सकता आज हम है कल तुम होंगे हम सब पंछी एक डाल के.

### मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता-सीएमओ

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता.मुझे कोई जानकारी भी नहीं है, इस स्थिति में पार्षद माथा पकड़ कर बाहर आ जाते हैं.

## कार्तिक पूर्णिमा पर देवपुर में उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

**देवपुर में लगेगा कार्तिक पूर्णिमा पर मेला**

**पवित्र कुंड में स्नान कर होगी बाबा विश्वनाथ की पूजा**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 1 नवम्बर, सिरोंज-आरोन मार्ग पर स्थित पवित्र तीर्थक्षेत्र बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा. नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की तादाद में श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर देवपुर में बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना करेगें. देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर मेले का भी आयोजन होगा. नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग मेले का भी आनंद लेगें.**

देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा के मेले में विभिन्न प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित मनोरंजन के साधनों की दुकानें लगाई जावेंगी. बाबा विश्वनाथ तीर्थ कल्याण समिति देवपुर के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल ने बताया कि मेले में हर वर्ष की तरह इस बार भी मेला ग्राउंड में दैनिक उपयोग की वस्तुओं, पूजन एवं खाद्य सामग्रियों सहित विभिन्न प्रकार की करीब 100 से अधिक दुकानें लगने की उम्मीद है. जिनपर पहुंचकर लोग खरीददारी करेंगे. वहीं मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिये कई प्रकार के आकर्षक झूले भी मौजूद रहेंगे. कार्तिक पूर्णिमा पर देवपुर में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचेंगे. इस दौरान कई भक्त पैदल भजन, कीर्तन करते हुए एवं बाबा विश्वनाथ जी के जयकारे लगाते हुए देवपुर पहुंचेंगे. कई भक्त पिंड भरते बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचेंगे. देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचेगी.

### समिति ने ध्वजारोहण कर मेले का किया शुभारंभ

बाबा विश्वनाथ तीर्थ कल्याण समिति देवपुर के सदस्यों ने शनिवार को ध्वजारोहण कर देवपुर में आयोजित किये जाने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का शुभारंभ किया. इसके साथ ही देवपुर में आयोजित किये जाने वाले पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले का शुभारंभ हुआ. इस मौके पर समिति सदस्यों ने बाबा विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा की. इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल, लक्ष्मण सिंह राजपूत, अर्जुन राजपूत, नरेंद्र पाटीदार, रूपनारायण शर्मा, प्रमोद रघुवंशी, पंकज साहू, विक्रम रघुवंशी के साथ ही बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं भक्त मौजूद रहे.

### कार्तिक मास में पवित्र कुंड में होगा दीपदान

कार्तिक मास में बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड में भक्तों द्वारा कार्तिक स्नान किये जा रहे हैं. इस दौरान भक्तों द्वारा कार्तिक मास में पवित्र कुंड में कार्तिक पूर्णिमा तक दीपदान भी किए जावेंगे. बाबा विश्वनाथ तीर्थ कल्याण समिति देवपुर के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल ने बताया कि देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा के मेले को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं की जा रही हैं. समिति द्वारा मंदिर परिसर एवं प्राचीन कुंडों की साफ सफाई कराई जा रही है. उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंडों में महिलाओं एवं पुरुषों के स्नान लिए अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है. वहीं बाबा विश्वनाथ जी के दर्शनों के लिए भी महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग कतार रहेगी. इस हेतु मंदिर क्षेत्र में बैरिकेट्स लगाएं जा रहे हैं.

**एक नजर में**

### वेदांत आश्रम पर अन्नकूट महोत्सव आज

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** वेदांत आश्रम पर 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रखा गया है,जिसमें नगर के प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है.वेदांत आश्रम प्रमुख गुरुदेव ने नगर के श्रद्धालुओं के साथ गणमान्य नागरिकों को भी इस धार्मिक आयोजन में आने का निमंत्रण दिया है.इन दिनों नगर के सभी सभी धार्मिक स्थलों तथा गौशालाओं के साथ समाजों द्वारा भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रखा जा रहा है.

### हुतात्मा दिवस पर रक्तदान आज

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर कारसेवा करते हुए बलिदान हुए अमर हुतात्माओं की स्मृति में बजरंग दल के तत्वावधान में प्रात 11 बजे गंज बासौदा रोड स्थित माँ गायत्री शादी घर पठारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ता रक्तदान कर बलिदानी हुतात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. रक्तदान के पश्चात प्रखंड बैठक होगी जिसमें विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा.

## शहर के कई हिस्सों में बिजली सप्लाई आज रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** .प्र.म.क्षे .वि.वि.क ं.लि. सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया कि 2 नवंबर रविवार को 33 के.व्ही. भैरोबाबा फीडर पर 33 के.व्ही. लाईन इंटर कनेक्शन का कार्य होने के कारण दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 11 के.व्ही. वाटर वर्कस एवं हाजीपुर फीडर पर तार क्षमता वृद्धि का कार्य होने के कारण सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक उक्त फीडर से संबंधित रावजी पुरा, गणेश की अथाई, लटेरी रोड, भोपाल रोड, रॉयल सिटी, चाँदनी चौक, ढाल बाजार, भूतेश्वर पथ, किडी, कटरा, अलीगंज पहाड, टोरी गुम्मट, कृष्णा कॉलोनी, पुरूषोत्तम नगर, मयूर बिहार, बासौदा बाईपास रोड, इमलानी रोड, इकरा कॉलोनी, काला बाजार, पुराना बस स्टैण्ड हाथीथान, तहसील रोड, मंशापूरण, बासौदा नाका, श्रीराम कॉलोनी, हाजीपुर, बजरिया, रैदासपथ, नयापुरा, छिपेटी, पालीवाल कालोनी, बेगमबाग, मण्डी रोड इत्यादि क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत प्रदाय बंद रहेगी.



## जैव उर्वरकों को उचित दाम व पारदर्शिता के साथ दिलाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने कृषि विभाग के उपसंचालक के नाम एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने जैव उर्वरकों को किसानों को उचित दाम पर एवं पारदर्शिता के साथ दिलाये जाने की संबंधी कार्यवाही करने की मांग की. साथ ही उर्वरक विक्रेताओं की विक्रय प्रक्रिया पर पारदर्शिता लाने हेतु कार्यवाही किये जाने की मांग की.**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सिरोंज में उर्वरक विक्रेताओं द्वारा जैव उर्वरक अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं. उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बिना पीओएस मशीन से जैव उर्वरकों की बिक्री किसानों को मनमाने ढंग से की जा रही है. कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बाजार में बिक रहे जैव उर्वरक की सैंपलिंग नहीं की जाती है, जिससे बाजार में बिक रहे नकली एवं अनुपयोगी महंगे जैव उर्वरकों पर किसी प्रकार की जवाबदेही एवं पारदर्शिता किसानों के हित में कृषि विभाग तय नहीं करता. साथ ही विक्रेताओं द्वारा बिना बिल के जैविक उर्वरक किसानों को दिये जा रहे हैं उन्होंने जैव उर्वरकों को किसानों को उचित दाम पर एवं पारदर्शिता के साथ दिलाये जाने की संबंधी कार्यवाही करने की मांग की. साथ ही उर्वरक विक्रेताओं की विक्रय प्रक्रिया पर पारदर्शिता लाने हेतु कार्यवाही किये जाने की मांग की. इस दौरान कई किसान भी मौजूद रहे.

## यज्ञ ध्वज की हुई स्थापना, बालाजी धाम में होगा यज्ञ



**नवभारत न्यूज**

**पठारी, बड़ोह स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में 51 कुंडीय श्री राम महायज्ञ ध्वज स्थापना समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें वैदिक मंत्रों और भक्ति भाव से यज्ञ ध्वज की स्थापना की गई। 24 जनवरी 2026 से श्री राम महायज्ञ प्रारंभ करने का संकल्प लिया.**

शनिवार को पठारी के निकट ग्राम बड़ोह में श्री बालाजी धाम मंदिर में ध्वज स्थापना समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें 24 जनवरी 2026 से आयोजित होने वाले 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के ध्वज की स्थापना यज्ञकर्ता एवं श्री बालाजी धाम महंत विष्णु दत्त जी महाराज, जगतगुरु निंबार्काचार्य श्री राम गोपाल दास जी महाराज, महंत श्रीजानकी दास जी महाराज, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे सपरिवार और जिला अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी ने वैदिक मंत्रों, शास्त्रानुसार और भक्ति भाव के साथ ध्वज की स्थापना की. इसी दौरान श्री बालाजी धाम में पवित्र पावन संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया.इस समारोह में श्री महंतों, संतों और अतिथियों सहित भक्तों का सम्मान किया गया. श्री बालाजी धाम में प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया.

इस दौरान महंत श्री विष्णु दास जी महाराज, महंत श्री बालक दास जी महाराज, महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज महंत श्री रामदास जी महाराज, पूर्व जनपद अध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र सिंह गढ़ी, कप्तान सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, हरिनेश यादव, सीताराम सैनी, बलराम सिंह यादव, राजेश रिछारिया, संजय सिंह चौहान, पृथ्वी सिंह चौहान, यज्ञ मुख्य यजवान किरण चंद्र पटसरिया, कथा मुख्य मुख्य यजवान पृथ्वी सिंह पटरा, एडवोकेट जितेंद्र सिंह बिंदई, हरनाम सिंह ठाकुर, गिरिराज किशोर दीक्षित, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे.

## हुतात्मा दिवस पर विहिप बजरंग दल ने दी कोठारी बंधुओं को श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 30 अक्टूबर 1990 को आयोध्या में शहीद हुये कार्य सेवक कोठारी बंधुओं के बलिदान को नमन करते हुये हम राष्ट्र और धर्म के प्रति उनके सर्वोच्च समर्पण को याद करते है जिन्होंने श्री राम जन्म भूमि की मुक्ति के लिये अपने प्राणो का बलिदान दिया. इस अवसर पर विहित बजरंग दल पूरे देश में रक्तदान शिविरो का आयोजन करता है जो उन शहीदो के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते है इसी क्रम में आज विहित बजरंग दल विदिशा द्वारा श्रमंत माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय में रक्तदान एवं रक्त प्रशिक्षण का शिविर का आयोजन किया गया.जिसमें 10 यूनिट रक्त दान किया गया.**

रक्त दान करने वालों में शरवन चौधरी, अभिषेक व्यास, देव गुप्ता, ईशांत तिवारी, सौरभ कुशवाह, सुरेन्द्र कुशवाह, महेन्द्र मयंक मेहर, राजकुमार राजपूत, राज यादव ने रक्तदान दिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक बजरंग दल सपन सिंह दिलेरिया जिला गौरक्षा प्रमुख सुरेन्द्र कुशवाह, नगर सयांजक मयंक मेहर, नगर सह संयोजक ललित यादव, नगर सह सयोजक गोविंद दांगी, नगर सह गौरक्षक प्रमुख अंकित धाकड, नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख निखिल निंदानिया, मनोज विश्वकर्मा, गौरव धाकड, अभय वघेल विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## एडीओ विनोद श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** जनपद के एडीओ विनोद श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी. इस दौरान उनका शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया. साथ ही पंचायत सचिव संगठन के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया. इस दौरान पंचायत सचिव, जनपद स्टॉफ मौजूद रहा.



## आईपीएस हाई स्कूल के बच्चों ने देखा उदयपुर मंदिर

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** आईपीएस हाई स्कूल ब्यावरा एवं गंजबासौदा के बच्चे हेरिटेज बैग पर उदयपुर पहुंचे.जिन्होंने मंदिर के बारे में जानकारी प्राप्त की.राजा उद्यारित के बारे में जानकारी प्राप्त की.साथ ही बच्चों ने यह कहा कि यह मंदिर वाकई में बहुत सुंदर है.इसके साथ ही यहां पर कई चीज देखने लायक है जिनको देखा बच्चे उदयपुर से गंजबासौदा होते हुए हरिद्वार की यात्रा पर शाम 6 बजे रवाना हुये.

**महोत्सव** | **निकली मशाल यात्रा, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुये शामिल**

## विधानसभा स्तर पर हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,विदिशा संसदीय क्षेत्र के खेल महोत्सव का शनिवार को बासौदा विधानसभा में भी मशाल जलूस के साथ भव्य शुभारंभ हुआ. सर्वप्रथम मशाल जलूस का प्रारंभ बासौदा नगर मंडल से हुआ जिसके लिए बासौदा जनपद पंचायत में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी व सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा की उपस्थिति में एक मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

मंचीय कार्यक्रम के उपरांत मशाल जलूस प्रारंभ हुआ. मशाल जलूस के लिए एक भव्य रथ तैयार किया गया है.जिसमें मशाल को पूरी विधानसभा में ले जाया गया बासौदा जनपद पंचायत से प्रारंभ होकर मशाल जलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ आईपीएस स्कूल पहुंचा. जहां मशाल को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी को सुपुर्द किया गया. जिसके बाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी खेल महाकुंभ की मशाल को लेकर ग्राम डावर पहुंचे.जहां उन्होंने खेल महाकुंभ की मशाल को सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा को सुपुर्द की मीणा इस भव्य व दिव्य मशाल को त्योंदा लेकर पहुंचे जहां उन्होंने त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल को यह मशाल सुपुर्द की मशाल जलूस का समापन खामखेड़ा में ग्यारसपुर मंडल में हुआ.स्वस्थ भारत स्वस्थ्य युवा की अवधारणा को लेकर विगत दो दिवस पूर्व विदिशा में क्षेत्र के लाडले सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद खेल महोत्सव का प्रारंभ किया था यह महोत्सव करीब दो माह तक चलेगा जिसमें आठों विधानसभा के करीब 37 हजार खिलाड़ी अपनी सहभागिता करेंगे. उसी तारतम्य में जनजागृति के लिए बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा के पांचों मंडलों में मशाल यात्रा निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, वरिष्ट भाजपा नेता राजेश तिवारी, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद पंचायत में अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, वरिष्ट भाजपा नेता प्रेमनारायण विश्वकर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, वरिष्ट नेता जितेंद्र मैना, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, महेंद्र लोधी, शहर मंडल अध्यक्ष पिंकू महाराज, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित कुर्मी, राकेश खटीक , गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी सहित अनेक भाजपा जन उपस्थित रहे.

### शिक्षक संघ की बैठक भोपाल में

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** प्रांतीय शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर दुबे की मौजूदगी में 2 नवंबर दिन रविवार पांच नंबर बस स्टॉप इंडियन पेट्रोल पंप के सामने भोपाल में दोपहर 12 से आयोजित की जाएगी. विदिशा जिला अध्यक्ष जाहिद मोहम्मद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया की जिले की सभी तहसीलों से पदाधिकारी से बैठक में उपस्थित हो.

## मप्र स्थापना दिवस को छात्रावास दिवस के रूप में मनाया



**नवभारत न्यूज**

**नटेरन, मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस दिनांक 1 नवंबर को शासकीय बालक अनुसूचित जाति जूनियर छात्रावास नटेरन में मनाया गया. 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार रामकृष्ण रघुवंशी, एवं बीआरसी ईश्वर शर्मा ने मां सरस्वती एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सहसंगठन मंत्री आनंद श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे.अतिथियों ने मध्यप्रदेश गान में भाग लिया तदोपरांत यहां बच्चों को उनकी विभिन्न प्रतियोगिताओं पर पुरस्कार भी दिए गए. मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जूनियर छात्रावास नटेरन में बच्चों को विशेष भोज का आयोजन भी हुआ.इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक मालम सिंह जाटव शिक्षक सुधीर जैन, अशोक नागले, मनोज वंशकार सहित आमंत्रित ग्रामीण जन पालक उपस्थित रहे.